रजिस्ट्री सं० डी—(डीएन)—73

REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 9] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 1, 1986 (फाल्गुन 10, 1907)

No. 9] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 1, 1986 (PHALGUNA 10, 1907)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक
केन्द्रीय कार्यालय
शहरी बैंक विभाग
"दि आर्केड", विश्व व्यापार केन्द्र,

बम्बई-400 005, दिनांक 7 फरवरी, 1986

सं० यू०बी०डी० सं० बी०आर० 80/ए-18-8-586—बैंककारी विनियम अधिनियम, 1949 की धारा 56 के खण्ड (यक) के साथ पठित धारा 36क की उपधारा (2) के अनुसरण में भारतीय रिज़र्व बैंक एतद्द्वारा, यह अधिसूचित करता है कि निम्नलिखित वेतनभोगी कर्मचारियों की सहकारी समिति उक्त अधिनियम के अर्थ के अन्तर्गत अब सहकारी बैंक नहीं रह गयी है।

समिति का नाम	केन्द्र शासित प्रदेश
सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, स्टाफ को-आपरेटिव थ्रिफ्ट एण्ड क्रेडिट सोसायटी लि०, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, बिल्डिंग, चांदनी चौक, दिल्ली-6	दिल्ली

कु० आई० टी० वाज
मुख्य अधिकारी

भारतीय स्टेट बैंक
स्थानीय प्रधान कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक 1 फरवरी, 1986

सूचना

सं० जी० एम० ओ०/001833—1. श्री जे० सी० मल्होत्रा वरिष्ठ प्रबन्धन श्रेणी स्केल 4 ने दिनांक 15 नवम्बर, 1985 को चांदनी चौक, दिल्ली शाखा में प्रबन्धक (लघु उद्योग एवं व्यवसाय) का कार्यभार संभाला।

2. श्री ओ० पी० चोपड़ा, वरिष्ठ, प्रबन्धन श्रेणी स्केल 4-ए, ने दिनांक 7 दिसम्बर, 1985 को नई दिल्ली मुख्य शाखा में प्रबन्धक (वैयक्तिक बैंकिंग प्रभाग) का कार्यभार संभाला।

भारत भट्टाचार्य,
मुख्य महाप्रबन्धक

स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र
प्रधान कार्यालय
भावनगर, दिनांक 7 फरवरी, 1986

सं पी० ई० आर०/46/जी० एम०/1482—समनवर्गी बैंक्स, सामान्य विनियम-1959 के विनियम 55(1)

के अनुसरण में स्टेट बैंक आफ सौराष्ट्र, के निदेशक मंडल ने क्षेत्रीय कार्यालयों के योजना अधिकारियों, कार्मिक अधिकारियों, कार्यालय प्रबन्धकों, विकास अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, प्रशासनिक सचिवों तथा प्रधान कार्यालय के मुख्य प्रबन्धकों, प्रबन्धक (सामान्य विभाग) मुख्य अधिकारी (विधि) कार्यालय प्रबन्धक तथा प्रशासनिक सचिव के पदों की श्रेणी (1) के अन्तर्गत वर्गीकृत करने का निर्णय किया है अतएव दिनांक 11 जनवरी, 1964 के भारत सरकार के गजट भाग-III, अनुभाग-4 में प्रकाशित बैंक की अधिसूचना सं० 27 में श्रेणी (1) के सामने निर्दिष्ट अधिकारों का प्रयोग बैंक की ओर से व्यक्तिगत रूप से करने हेतु उक्त अधिकारियों को अधिकृत किया गया है।

वि० बी० पारेख
महा प्रबन्धक (परिचालन)

स्टेट बैंक आफ मैसूर
(भारतीय स्टेट बैंक का सहयोगी)
प्रधान कार्यालय
बेंगलूर-9, दिनांक 22 फरवरी 1986

सूचना

सं० शेयरस/एजीएम/136—स्टेट बैंक आफ मैसूर के शेयरधारियों की छब्बीसवीं वार्षिक सामान्य सभी श्री चौडय्या स्मारक भवन, गायत्रीदेवी पार्क एक्सटेंशन, वय्यालीकावल, बेंगलूर में शनिवार 29 मार्च 1985 को सुबह के बाद 11.30 बजे (मानक समय) 31 दिसम्बर 1985 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट, बैंक का वित्तीय स्थिति विवरण और लाभ-हानि लेखा तथा उन पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट स्वीकारने हेतु सम्पन्न होगी।

पी० वी० मुब्बराव
प्रबन्ध निदेशक

भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान

कानपुर-208001, दिनांक 15 जनवरी, 1986

सं० 3 सी०मी० ए० (8)/10/85-86—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद्द्वारा, यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किए प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिए गए हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं।

क्रम संख्या	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1.	71323	श्री ए० एस० सोनी, ए० सी० ए०, फाइनेन्स एण्ड एकाउन्ट्स आफीसर, ओ० एन० जी० सी०, महसाना (गुजरात)	30-6-85

आर० एल० चौपड़ा
सचिव

मद्रास-600034, दिनांक 29 जनवरी, 1986

सं० 3-एस० सी० ए० (5)/9/85-86—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 4, एस० सी० ए०, (1)/12/75-76, दिनांक 20 मार्च, 1976, 4-एस० सी० ए०, (1)/9/79-80, दिनांक 15 मार्च, 1980, 4-एस० सी० ए० (4)/14/80-81, दिनांक 31 मार्च, 1981, 4-एस० सी० ए० (1)/8/81-82, दिनांक 17 मार्च, 1982, 4-एस० सी० ए० (1)/10/81-82, दिनांक 31 मार्च, 1982, 4-सी० ए० (1)/19/79-80, दिनांक 15-3-80, 4-एस० सी० ए० (1)/4/82-83, दिनांक 31 मार्च, 1983, 3 एस० सी० ए० (4)/4/84-85, दिनांक 22 दिसम्बर, 1984, 3एस०सी०ए० (4)/10/83-84, दिनांक 31 मार्च, 1984 और 3-ई० सी० ए० (4)/12/83-84, दिनांक 31 मार्च, 1984 के सन्दर्भ में, चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में, एतद्द्वारा, यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा, प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथि से स्थापित कर दिया है :—

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	7283	श्री पी० गोपीनाथ हेगड़े, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैंट्स, 61, वसन्था निलाया, 50 फीट रोड, भुनेश्वरनगर, बंगलौर-650 026.	16-8-85
2.	9665	श्री एस० रामाकृष्णन, एफ० सी० ए०, मैसर्स आर० सुब्रामनियन एण्ड कं०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स, 36, कृष्णास्वामी एवेन्यू, माइलापोर, मद्रास-600 004.	18-11-85
3.	10111	श्री एन० एम० रघुनाथन, ए० सी० ए०, मैसर्स आर० सुब्रामनियन एण्ड को० चार्टर्ड एकाउंटैंट्स, 36, कृष्णास्वामी, एवेन्यू, माइलापोर, मद्रास-600 004.	25-11-85

1	2	3	4
4.	11105	श्री एम० जयाराजन, एफ० सी० ए०, नं० 11/6, I क्रास, कैम्ब्रिज रोड, उलसुर, बंगलौर-560 008.	14-11-85
5.	11525	श्री के० रामाचन्द्रन, ए० सी० ए०, पोस्ट बाक्स 6431, दर-इस-सलाम, तंजानिया	19-11-85
6.	14181	श्री वी० लक्ष्मीनारायनन, ए० सी० ए०, मैसर्स ए० एफ०, फर्गुसन एण्ड कं०, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, 32, नन्गम्बकम रोड, मद्रास-600034.	4-12-85
7.	14701	श्री एम० सी० संकरन, ए० सी० ए०, पी० ओ० बाक्स, 31915, लुसाका, जम्बिया ।	28-11-85
8.	16490	श्री वी० मदन मोहन मूर्थी, ए० सी० ए०, फाइनेंशियल एकाउन्टैन्ट्स, मैसर्स बोटस्वाना मीट कमीशन, पी० ओ० बाक्स नं० 400, लोबाटसे बास्टवाना ।	21-6-85
9.	18596	श्री प्रकाश चन्द्रो वैद्या, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट के० एम० सी० कम्प्लैक्स 59, पैलेस रोड, (एडजोनिंग माउन्ट कामल कालेज), वसन्थ नगर, बंगलौर-560 052.	30-9-85
10.	19656	श्री डी० रवि, ए० सी० ए०, 59, कल्यान, 4 स्ट्रीट, अभिरामापुरम, मद्रास-600 018.	5-11-85
11.	19686	श्री जी० राघावन, ए० सी० ए०, 73-सी/आर०, सलाई रोड, सोवमानानस्या, तिरुचिरापल्ली-18.	6-11-85
12.	19934	श्री वी० श्रीनिवासन, ए० सी० ए०, फाइनैन्शियल कन्ट्रोलर टंगानयिका इनामेलवेयर फैक्ट्री लिमिटेड, पी०ओ० बोक्स 20427, दर इस सलाम, तंजानिया।	21-11-85
13.	20108	श्री एन० राजेन्द्रन, ए० सी० ए०, सीनियर एकाउंटैन्ट्स ओफिसर, मैसर्स भारत हैवी इलैक्ट्रीकल्स लि० हाईप्रेसर बाइलर प्लांट, तिरुचिरापल्ली-620 014.	15-11-85
14.	20219	श्री के० राघावन, ए० सी० ए०, 1051, सैक्टर 18-सी, चण्डीगढ़-160018.	15-11-85
15.	20601	श्री आर० मथिवानन, ए० सी० ए०, पी० बोक्स 4857, रूवी, सुल्टानेट, आफ ओमन।	30-10-85
16.	21569	श्री वी० कृष्णास्वामी, ए० सी० ए०, केयर आफ पोडस (इंडिया) लि० मिडल कैम्प, चुबा ब्लोक, ईस्ट डिस्टीक्ट, सिक्किम-737101.	29-11-85
17.	32684	श्री पी० वी० एलेगजेन्डर ए० सी० ए०, 3-डी, चिस्नी निलगिरीज, कमान्डर इन चीफ रोड, मद्रास-600 105.	19-4-85

(चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स)

सं० 3-एस० सी०ए० (8)/2/85-86—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार, विनियम 1964 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन)

के अनुसरण में, एतद्द्वारा, यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किए प्रैक्टिस, प्रमाण-पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिए गए हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र को रखने के इच्छुक नहीं है :—

क्र० संख्या	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	8015	श्री जी० संथानम, एफ० सी० ए०, एफएफ-2, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, सलाई नगर, तिरूचिरापल्ली-628 003.	17-9-85
2.	8507	श्री ए० वी० कृष्णन, एफ० सी० ए०, ओस्ट्रल प्लास्टिक पी० लि० 16, कन्नैह स्ट्रीट, टी० नगर, मद्रास-600 017.	3-10-85
3.	10649	श्री वी० रामाकृष्णा राव एफ० सी० ए०, डोर नं० 16-1-4, ओफिशियल कालोनी, कोस्टल बट्टर्या रोड, महारानी पेटा, विशाखापटनम-530 002.	1-7-83
4.	12014	श्री पी० एस० रामाकृष्णन, एफ० सी० ए०, भगावथी भवनम्, 83/2, रामलिंगा नगर, कोयम्बाटोर-641 011.	28-3-83
5.	14959	श्री के० रंगावलान, ए० सी० ए०, मनेजर, एकाउन्ट्स, मैसर्स रायालासीमा पेपर मिल्स लि०, टी० जी० एल० रोड, एडोनी-518301.	14-11-84
6.	16353	श्री एम० जियाउद्दीन, एफ० सी० ए०, फ़ाइनेन्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन मैनेजर, एक्सप्रैस प्रिंटिंग सर्विसिस, पोस्ट बोक्स नं० 10263, दुबई ।	17-9-85
7.	18591	श्री के० मल्लिकार्जुना राव, ए० सी० ए०, चीफ एकाउन्टेन्ट, मैसर्स विनोद सोल्वेक्स ट्रैक्टर्स पी० लि०, आन्ध्रा बैंक बिल्डिंग, 2 फ्लोर, विजयवाडा-520 001.	1-4-84
8.	18604	श्री वी० सुधाकर, एफ० सी० ए०, 3-5-1 091/6, प्लाट नं० 48, वेंकटेश्वरा कालोनी, हैदराबाद ।	17-1-86
9.	19105	श्री आर० रविन्द्रन, ए० सी० ए०, 61, विसिआल स्ट्रीट, कोयम्बटूर-641 001	1-4-85
10.	19340	श्री पन्ड्याला जयाकुमार एफ० सी० ए० 27-1 7-57 पेड्डीभोटलावन स्ट्रीट गवर्नर पेट विजयवाड़ा -520 002	14-11-85
11.	19424	श्री चिन्तालेपुडी श्रीहरि ए० सी० ए०, 22, एस० बी० आई० कालोनी, नियर वेटरनरी होस्पिटल, जैल रोड, विशाखापटनम ।	14-11-85
12.	20023	श्री बी० उगमराज नहार, एफ० सी० ए०, फ्लैट नं० 203, मोगुल अपार्टमेन्ट्स, 5-9-59, फतेह मैडन, हैदराबाद-500 001	1-4-85
13.	20039	श्री अरुन के० वर्मा, एफ० सी० ए०, केयर आफ : के० पी० आर० थिरूपाद, एडवोकेट, दरबाद होल रोड, कोचीन-682 01 6	8-6-85

1	2	3	4
14.	20082	श्री के० बालासुब्रामनियन, ए० सी० ए०, नं० 7, 7 स्ट्रीट, लेक एरिया, मद्रास-600 034.	30-6-85
15.	20390	श्री जैकब मैथ्यू, ए० सी० ए० 303, कोंगफोर्ड हाऊस, 22, कोंगफोर्ड गार्डन, बंगलौर-560 025.	1-4-85
16.	20464	श्री एस० रफी अहमद, ए० सी० ए०, एसिस्टैन्ट, मैनेजर आई०/सी० के० डी०डी० सी० लि०, नं० 87, अलमास सैन्टर, एम० जी० रोड, बंगलौर-506 001.	20-3-84
17.	21383	श्री एस० सत्पथ कुमार, ए० सी० ए०, प्लाट नं० 41, कृष्णापुरी, वैस्ट नेहरू नगर, सिन्कदराबाद-500 026.	23-6-82
18.	21892	श्री एम० वेंकटा रेड्डी, ए० सी० ए०, एच० नं० 8-3-168/20/32 सिद्धार्थ नगर नार्थ, हैदराबाद-500 890.	1-4-85
19.	22581	श्री के० बालासुब्रामनियन ए० सी० ए०, प्लाट नं० 93, कंगेया नेल्लोर रोड, वेल्लोर-632 006 एन० ए० डिस्ट०	12-11-85
20.	22774	श्री आर० सुन्दरम, ए० सी० ए०, 1669, राजाजी नगर, 2 स्टेज, सुब्रमानिया नगर, बंगलौर-560 010	29-5-85
21.	22793	श्री एस० नगेश बाबू, ए० सी० ए०, नं० 43, ओल्ड थारागुपेट, बंगलौर-560 053.	22-10-85
22.	22815	श्री जे० ए० पैट्रिक रोड्रीगो, ए० सी० ए०, 12सी, सहाया माधा स्ट्रीट, गनानोलिवुपुरम, मदुराई-625 016.	12-3-85
23.	22823	श्री एस० सूर्यानारायनन, ए० सी० ए०, 52, सागर तरंग, 81/83, भूलाभाई देसाई रोड, बम्बई-400 036	1-4-85
24.	22970	श्री आर० अनन्था पद्मानाबन, ए० सी० ए०, 1 फ्लोर, 67, लायड्स रोट, मद्रास-600 014.	31-3-85
25.	23241	श्री जे० एस० मनी, ए० सी० ए०, डोर नं० 49-18/2-1, ललिथानगर, विशाखापटनम-530 016.	1-4-85
26.	23538	श्री पी० श्रीनिवासन, ए० सी० ए०, 5, रामानुजा नगर, के० एच० रोड, मद्रास-600 023.	17-12-85
27.	23630	श्री वी० के० प्रसादा राव, ए० सी० ए०, फ़ाइनैन्स आफिसर, स्ट्रोगर डिविजन, इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज लि०, दूरवानी नगर, बंगलौर-560 016.	17-6-85
28.	23970	श्री एस०एस० अरूनागिरी, ए०सी०ए०, 28-ए, लक्ष्मीपुरम, 3 स्ट्रीट, मदुराई-625 001.	16-7-85
29.	24327	श्री जे० रंगाराजन, ए० सी० ए०, एम 19-ई, गीतांजली कम्पलैक्स, 15 एवेन्यू, अशोक नगर, मद्रास-600 083.	28-8-85

30.	24388	श्री आर० थियागाराजन, ए० सी० ए०, डोर नं० 12, प्लाट नं० 15, शाव वैलेस कालोनी, बन्दायन नगर, आदम बक्कम, मद्रास-600 088	4-10-85

आर० एल० चोपड़ा,
सचिव

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 3 फरवरी, 1986

सं० जी० एस० आर० सं० 1 (1)-2/72-स्था०-1 (क) संग्रह-2—कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 17 की उपधारा (2) के साथ पठित धारा 97, की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा अतिक्रमण से पहले किए गए या करने के लिए छोड़े गये मामलों के अलावा निदेशक (प्रशासक), के पद से संबंधित मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (भर्ती) विनियम, 1965 का अतिक्रमण करते हुए, निगम, केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से इसके द्वारा निदेशक, (प्रशासन) के पद की भर्ती की पद्धति, को नियमित करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :—

1. (1) ये विनियम कर्मचारी राज्य बीमा निगम (निदेशक प्रशासन), भर्ती विनियम, 1986 कहे जायेंगे।

(2) ये सरकारी राज-पत्र में इनके प्रकाशन होने की तारीख से लागू होंगे।

2. पद की संख्या, वर्गीकरण, तथा वेतनमान :

उक्त पद की संख्या, इसका वर्गीकरण, तथा इससे सम्बद्ध वेतनमान इन विनियमों के साथ, संलग्न अनुसूची के कालम 2 से 4 में विनिर्दिष्ट रूप में होंगे।

3. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, योग्यताएं, आदि :

भर्ती की पद्धति, आयु, सीमा, योग्यताएं तथा उक्त पद से संबंधित, अन्य मामले उक्त अनुसूची के कालम 5 से 14 में विनिर्दिष्ट रूप में होंगे।

4. अयोग्यताएं : ऐसा कोई व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए, किसी व्यक्ति, से विवाह किया है, उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा, परन्तु यदि निगम के महा निदेशक को यह तसल्ली हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति, तथा विवाह की दूसरी पार्टी पर लागू वैयक्तिक कानून, के अन्तर्गत अनुमेय है तथा ऐसा करने के दूसरे आधार भी है तो वह किसी व्यक्ति को इस विनियम के लागू होने से छूट दे सकते हैं।

5. ढील देने की शक्ति :

जहां निगम के महा निदेशक की यह राय है कि ऐसा करना अनिवार्य है या कालोचित है तो वह केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के बाद तथा संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से इसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेख बद्ध करके किसी वर्ग या व्यक्तियों की श्रेणी के सम्बन्ध में, इस विनियम के उपबन्धों में से किसी उपबन्ध, में आदेश द्वारा ढील दे सकते हैं।

6. अपवाद :

इन विनियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में ढील तथा अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा, इस सम्बन्ध में, समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति तथा दूसरे विशेष वर्गों के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है।

बे० सू० रामस्वामी,
महा निदेशक

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद या गैर चयन पद	सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा	क्या केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1972 के नियम 30 के अधीन सेवा के जोड़े गए वर्षों का लाभ स्वीकार्य है ?	सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य योग्यताएं	सीधी भर्ती के लिए विहित आयु तथा शैक्षिक योग्यताएं पदोन्नत व्यक्तियों के मामले में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई है	भर्ती की पद्धति/ भर्ती सीधी होगी या प्रतिनियुक्ति, स्थानान्तरण द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	पदोन्नति /प्रतिनियुक्ति/ स्थानांतरण द्वारा भर्ती की दशा में वे ग्रेड जिनसे पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा	यदि विभागीय पदोन्नति समिति है तो उसका गठन क्या है	परिस्थितियां जिसमें भर्ती करते समय संघ लोक सेवा आयोग से भर्ती करते समय परामर्श किया जाता है
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
निदेशक (प्रशासन)	1* (1974) कार्यभार के आधार पर परिवर्तन की शर्त के अधीन	ग्रुप "क"	2000-125/2-2250 रुपये	चयन	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	2 वर्ष	पदोन्नति द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण द्वारा टिप्पणी : 2000-2250 रुपये के वेतनमान में पद का ग्रेड पढ़ने से पहले 1800-2000रु० के वेतनमान में निदेशक (प्रशासन) के पद पर नियमित पदधारी उपयुक्तता प्रारम्भ में बढ़े हुए ग्रेड में पद पर नियुक्ति के लिए आयोग द्वारा निर्धारित की जाएगी। उपयुक्त निर्धारित होने पर उन्हें प्रारम्भिक गठन पर पद पर नियुक्त समझा जायेगा।	पदोन्नति : ग्रेड में 5 वर्ष की नियमित सेवा सहित संयुक्त बीमा आयुक्त क्षेत्रीय निदेशक ग्रेड-1 जिनके न होने पर क्षेत्रीय उपनिदेशक ग्रेड-1/संयुक्त बीमा आयुक्त तथा क्षेत्रीय निदेशक ग्रेड-2/ निदेशक (सं० एवं प० एवं प्रशि०) आदि के ग्रेडों सम्मिलित 8 वर्ष की नियमित सेवा सहित संयुक्त बीमा आयुक्त/ क्षेत्रीय निदेशक ग्रेड-1 प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण : (1) भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी इस रूप में 14 वर्ष की सेवा सहित, या (2) सदृश्य पदों के धारक या 1500-2000 रुपये के वेतनमान में और प्रशासन, स्थापना तथा लेखा मामलों	1. ग्रुप "क" विभागीय पदोन्नति समिति जिसमें निम्नलिखित होंगे : (पदोन्नति पर विचार के लिए) (1) अध्यक्ष/सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग-अध्यक्ष (2) सचिव/अतिरिक्त सचिव-सदस्य श्रम मंत्रालय, भारत सरकार (3) महानिदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम-सदस्य 2. ग्रुप "क" विभागीय पदोन्नति समिति जिसमें निम्नलिखित होंगे : (स्थायीकरण पर विचार के लिए) (1) महानिदेशक, कर्मचारी राज्य	पद पर नियुक्ति के लिए किसी अधिकारी का चयन करते समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है।

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
										का अनुभव रखने वाले पद पर 5 वर्ष की नियमित सेवा सहित केन्द्रीय सरकार, अधीन अधिकारी (जिनमें केन्द्रीय सचिवालय सेवा तथा केन्द्रीय सेवायें ग्रुप 'क' के अधिकारी शामिल होंगे)। पदोन्नति की सीधी लाइन में आने वाले निचले वर्ग के विभागीय अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति व्यक्ति पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार के पात्र नहीं होंगे। एक ही संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से तुरन्त पहले धारित दूसरे एक्स-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि को शामिल करते हुए प्रतिनियुक्ति की अवधि आमतौर पर 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	बीमा नियम अध्यक्ष (2) वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी सदस्य (3) चिकित्सा आयुक्त, कर्मचारी राज्य बीमा निगम- सदस्य टिप्पणी : स्थायीकरण के सम्बन्ध में विभागीय पदोन्नति समिति की कार्यवाही लोक सेवा आयोग को अनुमोदन के लिए भेजी जाएगी। तथापि, आयोग द्वारा इनका अनुमोदन न किए जाने की स्थिति में संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या सदस्य की अध्यक्षता में विभागीय पदोन्नति समिति की नई बैठक की जाएगी।		

बे० सु० रामस्वामी
महा निदेशक

छावनी पालिका, बकलोह छावनी,

बकलोह छावनी, दिनांक 14 नवम्बर, 1984

का० नि० आ० 54-4/2.—बकलोह छावनी में कतिपय व्यवसाय, वृत्ति करने और आजीविका चलाने वाले व्यक्तियों पर कर अधिरोपित करने के लिए, उप-विधियों, का प्रारूप छावनी बोर्ड की सूचना सं० सी० बी०बी० 54-4/2, दिनांक 14 नवम्बर, 1984 के द्वारा, छावनी अधिनियम, 1924 (1924 का 2) की धारा 284 की अपेक्षानुसार, उक्त सूचना के प्रकाशन की तारीख से तीन दिन की अवधि की समाप्ति से पहले आक्षेपों, और सुझाव आमंत्रित करने के लिए प्रकाशित किया गया था;

और उक्त सूचना 14 नवम्बर, 1984 को छावनी नोटिस बोर्ड पर लगा दी गई थी ;

और उक्त प्रारूप के सम्बन्ध में जनता से प्राप्त सभी आक्षेपों, और सुझावों पर छावनी बोर्ड ने सम्यक् रूप से विचार कर लिया है;

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त अधिनियम की धारा 284 की धारा (1) की अपेक्षानुसार उपविधियों के उक्त प्रारूप को सम्यक् रूप से अनुमोदित और पुष्ट कर दिया है;

अतः अब, उक्त अधिनियम, की धारा 60 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त छावनी बोर्ड निम्नलिखित उपविधियां बनाता है, अर्थात :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :

(1) इन उपविधियों का संक्षिप्त नाम बकलोह छावनी वृत्ति कर उपविधि, 1985 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगी।

2. वृत्ति कर की दरें : ऐसे सभी व्यक्तियों पर जो बकलोह छावनी, की सीमा के भीतर इससे उपाबद्ध अनुसूची के दूसरे स्तम्भ में, विनिर्दिष्ट किसी एक या उससे अधिक व्यवसाय और वृत्ति करते हैं, या आजीविका चलाते हैं, उक्त अनुसूची के स्तम्भ तीन में विनिर्दिष्ट दरों पर वृत्ति कर अधिरोपित किया जायेगा।

परन्तु यह कि कोई ऐसा सैनिक व्यक्ति, जो अपने सैनिक कर्तव्य पालन से संबंधित कोई एक या उससे अधिक उक्त व्यवसाय, और वृत्ति करता है या आजीविका चलाता है, कर का संदाय करने के लिए दायी नहीं होगा, और

परन्तु यह और कि उसी परिसर में एक से अधिक व्यवसाय, वृत्ति करने या आजीविका चलाने वाले किसी व्यक्ति, से ऐसे सभी व्यवसायों, वृत्तियों और आजीविकाओं के सम्बन्ध में, प्रति वर्ष या किसी वर्ष के भाग के लिये 150 रुपये से अधिक रकम कर के रूप में संदाय करने की अपेक्षा नहीं की जायेगी।

परन्तु यह भी कि छावनी सीमाओं के भीतर एक से अधिक स्थानों पर, एक से अधिक व्यवसाय, वृत्ति करने या आजीविका चलाने वाले किसी व्यक्ति, से प्रत्येक स्थान पर ऐसे सभी व्यवसायों, वृत्तियों, और आजीविकाओं के सम्बन्ध में प्रति वर्ष या किसी वर्ष के भाग, के लिए 250 रुपये से अधिक रकम कर के रूप में संदाय करने की अपेक्षा नहीं की जायेगी।

अनुसूची

वृत्ति-कर

क्रम सं०	संदाय करने के दायी व्यक्तियों का वर्ग	प्रति वर्ष या किसी वर्ष के भाग के लिए कर की दर
1	2	3
		रुपए
1.	रेजिमेन्ट ठेकेदार (उसके एकक संविदा के भीतर सभी व्यवसाय सम्मिलित है)	60/-
2.	सी०एस०ओ० कैन्टीन जो एकक द्वारा, चलाया जा रहा है।	40/-
3.	ए० एस० सी० मांस/मछली/अंडे का ठेकेदार	50/-
4.	ए० एस० सी० सब्जी का ठेकेदार	50/-
5.	ए० एस० सी० लकड़ी का ठेकेदार	50/-
6.	एम० ई० एस० फर्नीचर और पूर्ति ठेकेदार	50/-
7.	छावनी बोर्ड पूर्ति ठेकेदार	30/-
8.	भवन और सड़क ठेकेदार	60/-
9.	रेजिन ठेकेदार	70/-
10.	बूट और जूते का व्यापारी	20/-
11.	बूट और जूते की मरम्मत करने वाला	8/-
12.	प्याज आलू का व्यापारी	12/-
13.	ब्रेड, बिस्कुट और केक बनाने वाला	20/-
14.	घी निर्माता या विक्रेता	20/-
15.	तम्बाकू विक्रेता (खुदरा), सिगरेट या पान विक्रेता।	15/-
16.	सिगरेट/तम्बाकू, का स्टाकिस्ट	20/-
17.	सिलाई दुकान का मालिक	40/-
18.	दर्जी	12/-
19.	मछली/मांस (तैयार) विक्रेता	20/-
20.	फल और सब्जी विक्रेता	15/-
21.	मिठाई की दुकान (इसमें, दुग्ध, दही, चाय आदि सम्मिलित)	30/-
22.	ढाबा (मात्र भोजन के लिए छोटा होटल)	20/-
23.	भूने हुए (पार्चड्) अनाज का व्यापारी	12/-
24.	साधारण व्यापारी/पनसारी (जो सभी प्रकार के अनाज, मसाले आदि का व्यापार करता हो)	40/-
25.	चीनी का व्यापारी (थोक विक्रय)	20/-
26.	चीनी का व्यापारी (खुदरा)	15/-
27.	भारत में बनी विदेशी शराब का विक्रेता	30/-
28.	देशी शराब का विक्रेता	30/-
29.	सिलाई मशीनों या पुर्जों का विक्रेता	20/-

1	2	3
30.	वस्त्र-व्यापारी	30/-
31.	सिनेमा का मालिक	40/-
32.	फोटोग्राफर या फोटो सामग्रियों का व्यापारी	25/-
33.	बिजली के सामान का व्यापारी	25/-
34.	चाय पत्तियों का व्यापारी विक्रेता	16-
35.	ज्वलनशील सामग्री इसके अन्तर्गत मिट्टी का तेल/ पैट्रोल/द्रवीत पैट्रोलियम गैस आदि है) का व्यापारी/ विक्रेता	20/-
36.	टेलीविजन का व्यापारी	40/-
37.	टेलीविजन मरम्मत करने वाला	25/-
38.	रेडियो मरम्मत करने वाला	10/-
39.	रेडियो सेटों का व्यापारी	20/-
40.	फर्नीचर का व्यापारी	20/-
41.	काष्ठ (तख्ता, लकड़ी के टुकड़े, जलावन की लकड़ी) का व्यापारी	40/-
42.	प्रसाधन सामग्रियों का व्यापारी	7/-
43.	तेल और गैस स्टोव पुर्जे का व्यापारी	12/-
44.	छाते का व्यापारी	10/-
45.	स्टेनलैस स्टील बर्तनों का व्यापारी	25/-
46.	दरी/कालीन का व्यापारी/निर्माता	25/-
47.	खाद्य या पेय से भिन्न सामग्रियों का फेरीवाला	5/-
48.	दीवाल घड़ियों और घड़ियां मरम्मत करने वाला	12/-
49.	दीवाल घड़ियों और घड़ियों का विक्रेता	25/-
50.	सुनार या चांदी वाला सुनार	16/-
51.	लोहार या चदरा वाला	15/-
52.	चिकित्सा व्यवसायी (एलोपैथी, होमियोपैथी, आयुर्वेदिक और यूनानी)	20/-
53.	औषध विक्रेता	20/-
54.	लेखन सामग्री विक्रेता	20/-
55.	पुस्तक विक्रेता	10/-
56.	ऊन विक्रेता	15/-
57.	खिलौना विक्रेता	10/-
58.	क्राकरी विक्रेता	15/-
59.	जिल्दसाज	5/-
60.	पेन्टर	10/-
61.	समाचारपत्र अभिकर्ता	20/-
62.	कुक्कुट पालन-उद्योग चलाने वाला	20/-
63.	बिजली तार बिछाने का ठेकेदार	15/-
64.	लोहे के सामान	15/-
65.	नाई	5/-
66.	बढ़ई	10/-
67.	रंगरेज और धोबी	8/-
68.	सिले-सिलाए वस्त्रों का व्यापारी	15/-

यज्ञेश्वर शर्मा
छावनी अधिशासी, अधिकारी,
ब्रह्मलोह छावनी ।

दामोदर घाटी निगम

सं० 118, दिनांक 10-1-1986—दामोदर घाटी निगम अधिनियम, 1948 (1948 का 14) की धारा 60 की उपधारा (1) के द्वारा, प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निगम केन्द्रीय सरकार की पूर्व संस्वीकृति से एतद द्वारा दामोदर घाटी निगम की अधिसूचना सं० 5, दिनांक 28 वीं जनवरी, 1957 में प्रकाशित दामोदर घाटी निगम सेवा नियमावली में और भी संशोधन करने के लिए, निम्नलिखित विनियम बनाता है, यथा :—

1. (i) ये विनियम दामोदर घाटी निगम सेवा (संशोधन) विनियम, 1985 कहलायेंगे ।

(ii) भारत के राजपत्र में उनके प्रकाशन की तिथि से वे लागू होंगे ।

2. दामोदर घाटी निगम सेवा नियमावली, में विनियम 108ए(3) के लिए निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित होंगे, यथा :—

"विनियम 118ए (3)—प्रत्येक कर्मचारी, चाहे वह 18वीं जनवरी, 1984 से पूर्व या बाद में भर्ती हुआ हो, जो किसी स्थायी पद के प्रति मौलिक रूप से नियुक्त न हो किन्तु अंशदायी भविष्य निधि (दा० घा० नि०) या कर्मचारी भविष्य निधि (दा० घा० नि०), में, जैसा भी हो विनियम 108 के अनुसार अंशदान करता हो, या जो अंशदान के लिए अपेक्षित हो, परवर्ती किसी तिथि को स्थायी पद के प्रति मौलिक रूप से नियुक्ति होने पर या कम से कम बीस वर्ष तक अस्थायी पद पर काम करने के बाद अधिवर्षता की आयु प्राप्त होने पर सेवा से निवृत्त होते समय या कम से कम बीस वर्ष तक अस्थायी सेवा कर चुकने के बाद उपयुक्त, चिकित्सा अधिकारी द्वारा उसे आगे सेवा के लिए स्थायी रूप से अक्षम घोषित किये जाने पर लिखित रूप से अपने विकल्प का प्रयोग कर सकेगा कि वह वैसे ही अंशदान करता रहेगा या स्थायी पद पर मौलिक नियुक्ति किये जाने का सूचना-आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन मास के भीतर, या कम से कम बीस वर्ष तक अस्थायी रूप से सेवा करने के बाद अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर या कम से कम बीस वर्ष तक अस्थायी सेवा कर चुकने के बाद उपयुक्त चिकित्सा अधिकारी द्वारा उसे सेवा के लिए स्थायी रूप से अक्षम घोषित किये जाने पर वह पेंशन सह-उपदान निधि में आयेगा" ।

तेज प्रकाश गुप्ता
(उप महाप्रबन्धक)

सं० 117, दिनांक 16-10-85—दामोदर घाटी निगम अधिनियम, 1948 (1948 का 14) की धारा 60 की उपधारा (1) के द्वारा, प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निगम केन्द्रीय सरकार की पूर्व संस्वीकृति से एतद द्वारा दामोदर घाटी निगम अधिसूचना सं० 5, दिनांक 28 जनवरी, 1957 में प्रकाशित दामोदर घाटी निगम सेवा नियमावली में और भी संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है, यथा :—

1. (1) ये विनियम दामोदर घाटी निगम सेवा (संशोधन) विनियम, 1985 कहलाएंगे ।

(2) भारत के राजपत्र में उनके प्रकाशन की तिथि से वे लागू होंगे ।

2. दामोदर घाटी निगम सेवा नियमावली में, विनियम 98 (2)(डी) में, निम्नलिखित परन्तुक प्रस्थापित होगा, यथा :—

"परन्तु वह कर्मचारी किसी अन्य कर्मचारी की सहायता न ले जिसके हाथ में दो अनुशासनिक मामले लंबित हों, जिनमें उसे सहायता देनी हो।"

व्याख्यात्मक ज्ञापन

दामोदर घाटी निगम सेवा नियमावली के विनियम 98 (2) डी) में दिया गया है कि कोई कर्मचारी जिसके विरुद्ध अनुशासनिक जांच चल रही हो, अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत दूसरे कर्मचारी की सहायता ले सकता है । तथापि मामलों की संख्या पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है जिनमें कोई कर्मचारी एक ही समय में अन्य कर्मचारियों की सहायता कर सके। भारत सरकार तथापि अनुशासन एवं अपील नियम के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों के लिए एक ही समय में इसकी सीमा दो मामलों तक निर्धारित कर दी है। लोक उद्यम कार्यालय ने अब अपने पत्र सं० 15(4)/84-जी० एम० दिनांक 3-2-1984 में इस सीमा को सरकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में भी अंतर्भुक्त करने की सलाह दी है। तदनुसार दामोदर घाटी निगम सेवा विनियम 98(2) (डी), का संशोधन उसके अंत में निम्नलिखित अनुच्छेद को जोड़ कर करने का प्रस्ताव किया गया है ।

"परन्तु वह कर्मचारी किसी अन्य कर्मचारी की सहायता न ले जिसके हाथ में दो अनुशासनिक मामले लंबित हों, जिनमें उसे सहायता देनी हो।"

तेज प्रकाश गुप्ता
उप महाप्रबन्धक एवं अपर सचिव

पंजाब यूनिवर्सिटी, चण्डीगढ़

क्रमांक 1-86/जी० आर०—केन्द्र सरकार (मानवीय संसाधन विकास मंत्रालय) ने अपने पत्रांक एफ० 15-4/79 डैस्क (यू०) तिथि 21-1-1986 द्वारा "यूनिवर्सिटी अध्यापकों की छुट्टी को विनियमित करने के लिये संशोधित विनियमों" को स्वीकृति दे दी है । यह विनियम निम्नानुसार है :—

नोट:— जो अध्यापक इन विनियमों के लागू होने से पहले यूनिवर्सिटी सेवा में थे, उनको इस अध्याय अर्थात् कैलेण्डर जिल्द II, 1984 के पृष्ठ 148-154 पर दिये अध्याय VI, विनियम 12.1 में निहित पुराने विनियमों के अनुसार छुट्टी लेने का विकल्प होगा।

1. परिभाषा

इन विनियमों में:—

(1) छुट्टी में "अर्जित छुट्टी"; "अर्धवेतन छुट्टी"; परिवर्तित छुट्टी"; "असाधारण छुट्टी", और "प्रसूति छुट्टी" सम्मिलित हैं।

(2) "अर्जित छुट्टी" का अर्थ वास्तविक सेवा अवधि और दीर्घावकाश के आधार पर अर्जित छुट्टी है।

(3) "अर्धवेतन छुट्टी" का अर्थ आगे वर्णित विनियमों के अनुसार परिकलित सेवा के पूर्ण वर्षों के आधार पर अर्जित छुट्टी है।

(4) "परिवर्तित छुट्टी" का अर्थ आगे की गई व्यवस्था के अनुसार छुट्टी है।

(5) "सेवा के पूर्ण वर्ष" का अर्थ यूनिवर्सिटी में निर्दिष्ट अवधि की लगातार सेवा है और इसमें सरकार के साथ ड्यूटी और प्रतिनियुक्ति पर खर्च किया समय और असाधारण छुट्टी समेत छुट्टी भी सम्मिलित है, जब तक कि इसकी अन्यथा व्यवस्था न की गई हो।

2. छुट्टी का अधिकार

छुट्टी का दावा अधिकार के रूप में नहीं किया जा सकता और जब सेवा की अनिवार्यता को देख कर छुट्टी को मंजूर करने वाला अधिकारी किसी भी प्रकार की छुट्टी से इनकार कर सकता है या इसे रद्द कर सकता है।

3. छुट्टी का प्रारम्भ और समाप्ति

(1) छुट्टी साधारणतया उस तिथि से प्रारम्भ होती है जिस से छुट्टी का उपयोग किया जाता है और उस दिन समाप्त होती है जो काम पर हाजिर होने से एक दिन पहले होता है।

(2) रविवार अथवा अन्य सरकारी अवकाश (दीर्घावकाश को छोड़कर) को छुट्टी के आगे और पीछे जोड़ा जा सकता है।

नोट:— अध्यापकों से साधारणतया शिक्षणकालावधि के अन्तिम दिन और दीर्घावकाश के बाद शिक्षणकालावधि के पहले दिन हाजिर होने की आशा की जाती है परन्तु अपवादात्मक अथवा विशेष हालतों में, दीर्घावकाश के साथ, आकस्मिक छुट्टी को छोड़ कर, बाकी अन्य प्रकार की छुट्टी को जोड़ने की स्वीकृति दी जा सकती है।

4. छुट्टी समाप्त होने के पश्चात काम पर वापसी

छुट्टी मंजूर करने वाले प्राधिकारी की अनुमति के बिना छुट्टी पर कोई भी व्यक्ति मंजूर की गई छुट्टी समाप्त होने से पहले काम पर वापिस नहीं आ सकता।

5. छुट्टी का संयोजन

यदि अन्यथा व्यवस्था न की गई हो, इन विनियमों के अनुसार किसी भी प्रकार की छुट्टी को अन्य प्रकार की छुट्टी के साथ जोड़ा जा सकता है।

6. एक प्रकार की छुट्टी का अन्य प्रकार की छुट्टी में परिवर्तन

(1) अध्यापक के आवेदन पर यूनिवर्सिटी किसी भी प्रकार की छुट्टी का, असाधारण छुट्टी समेत, पूर्व तिथि से किसी अन्य प्रकार की छुट्टी में परिवर्तन कर सकती है, बशर्ते कि वह छुट्टी परिवर्तन की जाने वाली तिथि को स्वीकार्य हो; परन्तु अध्यापक इस परिवर्तन का दावा अधिकार के रूप में नहीं कर सकता।

(2) यदि एक प्रकार की छुट्टी का अन्य छुट्टी में परिवर्तन किया जाता है, मामले की स्थिति के अनुसार, छुट्टी के वेतन की स्वीकार्य राशि का पुनर्कलन किया जायेगा और छुट्टी के वेतन की वकाया राशि की अदायगी कर दी जायेगी अथवा अतिरिक्त अदायगी राशि को वसूल कर लिया जायेगा।

7. मैडिकल छुट्टी से वापसी उपरान्त काम पर पुनः उपस्थिति जिस अध्यापक को मैडिकल सर्टिफिकेट के आधार पर छुट्टी दी गयी है, उसको काम पर हाजिर होने से पहले, निर्धारित विधि अनुसार अथवा नियत व्यक्ति से लिया अपनी स्वस्थता का मैडिकल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना पड़ेगा।

8. आपातिक और उपयुक्त कारणों वाली स्थितियों को छोड़कर, छुट्टी का उपयोग करने से पहले छुट्टी के लिये आवेदन पत्र दे देना चाहिये, और छुट्टी मंजूर करवानी चाहिये।

9. प्रत्येक अध्यापक की छुट्टी का हिसाब सम्बन्धित विभाग में रखा जायेगा।

10. छुट्टी का परिकलन करते समय स्थायी सेवा से पहले की गई बिना भंग लगातार अस्थायी सेवा को स्थायी सेवा में सम्मिलित किया जायगा ।

11. स्वीकार्य छुट्टी के प्रकार

अध्यापकों के लिये निम्न प्रकार की छुट्टी स्वीकार्य होगी :

भाग 1

स्थायी अध्यापक

(1) ड्यूटी समझी जाने वाली छुट्टी--

आकस्मिक छुट्टी, विशेष आकस्मिक छुट्टी, विशेष शैक्षिक छुट्टी और ड्यूटी छुट्टी।

(2) ड्यूटी द्वारा अर्जित छुट्टी ---

अर्जित छुट्टी, अर्धवेतन छुट्टी और परिवर्तित छुट्टी

(3) ड्यूटी द्वारा अनार्जित छुट्टी--

असाधारण छुट्टी और अदेय छुट्टी--

(4) छुट्टी खाते में नामे खाते न लिखी गई छुट्टी—

(क) स्वास्थ्य के आधार पर ली गई छुट्टी, प्रसूति छुट्टी और संगरोध छुट्टी।

(ख) शैक्षिक कार्यों के लिये छुट्टी; अध्ययन छुट्टी, और सबैटिकल छुट्टी (जिसे अलग तौर पर निर्धारित किया गया है)

सिण्डीकेट, विशेष हालतों में और अभिलिखित कारणों से, इस द्वारा उचित समझी जाने वाली शर्तों के अधीन, अन्य प्रकार की छुट्टी मंजूर कर सकती है।

(क) आकस्मिक छुट्टी

(1) यूनिवर्सिटी के पूर्णकालिक अध्यापक को घरेलू और निजी कामों के लिये निम्नानुसार आकस्मिक छुट्टी मिल सकेगी;

(क) 10 साल की सेवा तक .....एक साल में 10 दिन।

(ख) 10 से 20 साल की सेवा के बीच.... एक साल में 15 दिन

(ग) 20 साल से अधिक .....एक साल में 20 दिन--

बशर्ते कि--

1. आकस्मिक छुट्टी एक बार में 16 दिन से अधिक मंजूर नहीं की जायेगी।

2. जिस साल अध्यापक अपनी सेवा का 10वाँ अथवा 20 वाँ साल पूरा कर लेगा, वह उस साल उच्च स्तर के अनुसार आकस्मिक छुट्टी के लिये अधिकृत होगा।

3. एन्टिरैविक इलाज के लिये केन्द्र अथवा संस्था में इलाज करवाने के लिये 10 दिन की छुट्टी दी जा सकती है। यदि किसी विशेष हालत में इस इलाज के लिये 16 दिन से अधिक छुट्टी की आवश्यकता हो, केन्द्र अथवा संस्था का सर्टिफिकेट पेश करने पर एक महीने तक विशेष आकस्मिक छुट्टी मंजूर की जा सकती है।

(2) किसी साल की आकस्मिक छुट्टी अगले साल में नहीं ले जाई जा सकती।

(3) आकस्मिक छुट्टी को किसी अन्य प्रकार की छुट्टी के साथ जोड़ा नहीं जायेगा।

(4) आकस्मिक छुट्टी की अवधि में आने वाली सरकारी छुट्टियों को आकस्मिक छुट्टी में नहीं गिना जायेगा।

(5) अध्यापक आकस्मिक छुट्टी के समय पूर्व आज्ञा के बिना मुख्यावास नहीं छोड़ सकेगा।

(क) आपातकालिक स्थिति को छोड़कर, अध्यापक को आकस्मिक छुट्टी का उपयोग करने से पहले छुट्टी को मंजूर करने वाले प्राधिकारी का आदेश प्राप्त करना ही पड़ेगा।

(ख) दो दिन से अधिक समय की मेडिकल छुट्टी के लिये घर से भेजे सब आवेदन पत्रों के साथ मेडिकल सर्टिफिकेट संलग्न किया जाना चाहिये।

(6) आकस्मिक छुट्टी का खाता हर एक साल 1 जुलाई से अनुवर्ती वर्ष के 30 जून तक रखा जायेगा। आकस्मिक छुट्टी के सारे खाते 30 जून को बन्द कर दिये जायेंगे और एक जुलाई को नये खाते खोले जायेंगे, बिना इस बात का लिहाज किये कि एक अध्यापक इस प्रकार आकस्मिक छुट्टी लेता है जिस में जून के कुछ अन्तिम दिन और जुलाई के कुछ आकस्मिक दिन शामिल हों। इस तरह, यदि एक अध्यापक 26 जून से 5 जुलाई तक की छुट्टी लेता है, 26 जून से 30 जून तक का समय उस साल के छुट्टी खाते में डाल दिया जायेगा और 1 जुलाई, से 5 जुलाई तक का समय अनुवर्ती साल के छुट्टी खाते में डाल दिया जायेगा।

(ख) विशेष आकस्मिक और विशेष शैक्षिक छुट्टी

1' (1) एक अध्यापक को एक शैक्षिक वर्ष में 10 दिन की विशेष आकस्मिक छुट्टी दी जा सकती है—

(क) यूनिवर्सिटी, लोक सेवा आयोग, परीक्षा बोर्ड या अन्य ऐसी निकायों/संस्थाओं की परीक्षायें संचालित करने के लिये;

(ख) सांविधिक बोर्ड इत्यादि से सम्बन्ध शैक्षिक संस्थाओं के निरीक्षण के लिये;

(ग) यूनिवर्सिटी द्वारा मान्यताप्राप्त निकायों द्वारा संचालित साहित्यिक, वैज्ञानिक अथवा शैक्षिक सम्मेलन, परिसंवाद या विचार गोष्ठी या सांस्कृतिक पुष्टकाय कार्यकलापों में भाग लेने के लिये,

(घ) कोई अन्य कार्य करने के लिये जिसकी कुलपति द्वारा शैक्षिक कार्य के रूप में स्वीकृति दी जा सकती हो।

नोट:— 10 दिन गिनते समय, स्वीकार्य छुट्टी / ऐसे सम्मेलन कार्य कलाप के स्थान तक आने जाने के सफर के दिन, यदि कोई हों, सम्मिलित नहीं किये जाएंगे।

(2) इसके अतिरिक्त, निम्नवर्णित सीमा तक की विशेष आकस्मिक छुट्टी भी मंजूर की जा सकती है—

(क) अनुवीक्षण आपरेशन (नसबन्दी या नलबन्दी (करवाने के लिये। इस हालत में छुट्टी 6 दिन के कार्य दिवस तक सीमित होगी।

(ख) महिला अध्यापक के लिये जो मास-वेक्टमी (अनुपरीक्षण) करवाती हैं। इस हालत में छुट्टी 14 दिन तक सीमित होगी।

(3) विशेष आकस्मिक छुट्टी के अतिरिक्त एक शैक्षिक वर्ष में कुलपति की अनुमति से 30 दिन तक की विशेष शैक्षिक छुट्टी ऐसा काम करने के लिये दी जायेगी जिसे कुलपति शैक्षिक काम के रूप में स्वीकृति प्रदान कर सके, बशर्ते कि इससे अध्यापक के शैक्षिक काम में कोई बाधा न पड़े।

(4) विशेष आकस्मिक छुट्टी और विशेष शैक्षिक छुट्टी को संचित नहीं किया जा सकता, और न ही यह आकस्मिक छुट्टी के इलावा किसी अन्य प्रकार की छुट्टी से जोड़ी जा सकती है। यह अवकाश या दीर्घावकाश के साथ जोड़ कर मंजूर की जा सकती है:

(ग) ड्यूटी छुट्टी

(1) ड्यूटी छुट्टी निम्न कार्यों के लिये मंजूर की जा सकती है—

(क) यूनिवर्सिटी की ओर से अथवा यूनिवर्सिटी की अनुमति से सम्मेलनों, महासभाओं, परिसंवादों और विचार गोष्ठियों में भाग लेने के लिए,

(ख) उन यूनिवर्सिटियों या संस्थाओं में भाषण देने के लिये जिनका निमंत्रण यूनिवर्सिटी द्वारा प्राप्त और कुलपति द्वारा स्वीकृत किया गया हो;

(ग) यूनिवर्सिटी द्वारा प्रतिनियुक्ति किये जाने पर किसी अन्य भारतीय या विदेशी यूनिवर्सिटी, किसी अन्य अभिकरण, संस्थाओं या संगठन में काम करने के लिये;

(घ) भारत सरकार, राज्य सरकार, यूनिवर्सिटी अनुदान आयोग, भगिनी यूनिवर्सिटी या किसी अन्य शैक्षिक निकाय द्वारा नियुक्त कमेटी के प्रत्यायोग पर कार्य करने के लिये; और

(च) यूनिवर्सिटी के लिये किसी अन्य कार्य का निष्पादन करने के लिये।

(2) छुट्टी की अवधि ऐसी होनी चाहिये जो छुट्टी मंजूर करने वाले प्राधिकारी द्वारा प्रत्येक अवसर पर आवश्यक समझी जाये।

(3) छुट्टी पूर्ण वेतन पर दी जा सकती है। बशर्ते कि यदि कोई अध्यापक साधारण खर्च के लिये आवश्यक राशि से अधिक कोई शिक्षा वृत्ति

या मानदेय या अन्य वित्तीय सहायता प्राप्त करता है, तो उसे कम वेतन और भत्ते पर ड्यूटी छुट्टी मंजूर की जा सकती है ।

(4) ड्यूटी छुट्टी को अर्जित छुट्टी, अर्धवेतन छुट्टी या असाधारण छुट्टी के साथ जोड़ा जा सकता है।

(5) धारा (1) की उपधाराओं (क) से (घ) के अधीन ड्यूटी छुट्टी का इसकी मंजूरी की प्रत्याशा में उपयोग नहीं किया जा सकता। यह केवल कुलपति की पूर्वलिखित अनुमति के बाद ही उपयोग की जा सकती है।

(घ) अर्जित छुट्टी

(1) एक अध्यापक के लिये स्वीकार्य अर्जित छुट्टी निम्न-प्रकार होगी—

(क) दीर्घविकाश को मिलाकर वास्तविक सेवा का 1/30 वां भाग, जमा

(ख) उस अवधि, यदि कोई हो, का 1/3 भाग, जिसमें उसे दीर्घविकाश के दौरान कार्य करने को कहा जाता है।

नोट:— वास्तविक सेवा—अवधि का परिकलन करते समय, आकस्मिक, विशेष आकस्मिक, विशेष शैक्षिक और ड्यूटी छुट्टी की अवधि को छोड़कर, शेष सब छुट्टी अवधियों को सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

(2) एक अध्यापक के खाते में अर्जित छुट्टी 180 दिन से अधिक संचित नहीं होगी। एक बार मंजूर की जाने वाली अधिकतम अर्जित छुट्टी 120 दिन से नहीं बढ़ सकेगी। 120 दिन से अधिक अर्जित छुट्टी को उच्च अध्ययन या प्रशिक्षण या मैडिकल सर्टिफिकेट पर छुट्टी या इस छुट्टी या इसके कुछ अंश को भारत के बाहर खर्च किये जाने की सूरत में मंजूर किया जा सकता है। योग्य प्राधिकारी किसी अध्यापक को निवृत्ति आयु प्राप्त करने पर अधिकतम 120 दिन तक की छुट्टी का उपयोग करने की मंजूरी दे सकता है, यदि उसने इस छुट्टी के लिए उचित समय पर आवेदन पत्र दे दिया हो और यूनिवर्सिटी के हित में इसको नामंजूर कर दिया गया हो।

नोट : 1 जब एक अध्यापक दीर्घविकाश को अर्जित छुट्टी के साथ जोड़ता है तो औसत वेतन पर अधिकतम छुट्टी के परिकलन में दीर्घविकाश अवधि को छुट्टी माना जायेगा, जिसको छुट्टी की विशेष अवधि में सम्मिलित किया जा सकता है।

नोट: 2 उन हालतों में जहाँ छुट्टी का केवल कुछ भाग ही भारत से बाहर बिताया जाता है, 120 दिन से अधिक छुट्टी की मंजूरी इस शर्त के अधीन होगी कि भारत में बिताया छुट्टी का भाग कुल मिला कर 120 दिन से अधिक नहीं होगा।

(च) अर्धवेतन छुट्टी

स्थायी अध्यापक को स्वीकार्य अर्धवेतन छुट्टी, सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिये 20 दिन की होगी। यह छुट्टी निजी काम या शैक्षिक कार्यों के लिये मैडिकल सर्टिफिकेट पर मंजूर की जा सकती है।

(छ) परिवर्तित छुट्टी

एक स्थायी अध्यापक को देय अर्धवेतन छुट्टी के आधे भाग तक की परिवर्तित छुट्टी मैडिकल सर्टिफिकेट के आधार पर निम्न शर्तों के अधीन मंजूर की जा सकती है—

(1) परिवर्तित छुट्टी सारे सेवा-काल में अधिकतम 240 दिन तक सीमित होगी।

(2) जब परिवर्तित छुट्टी मंजूर की जाती है, तो इस छुट्टी की दुगुनी मात्रा देय अर्धवेतन छुट्टी के खाते में से कम कर दी जायेगी।

(3) मिला कर ली गई अर्जित छुट्टी और परिवर्तित छुट्टी की कुल अवधि एक बार में 240 दिन से अधिक नहीं होगी। बशर्ते कि विनियमों के अधीन कोई भी परिवर्तित छुट्टी मंजूर नहीं की जायेगी जितनी देर तक छुट्टी मंजूर करने के योग्य प्राधिकारी को यह विश्वास न हो जाये कि अध्यापक छुट्टी समाप्त होते ही काम पर वापस आ जायेगा।

(ज) असाधारण छुट्टी

(1) एक स्थाई अध्यापक को असाधारण छुट्टी दी जा सकती है।

(क) जब कोई अन्य छुट्टी स्वीकार्य न हो, या

(ख) जब कोई अन्य छुट्टी स्वीकार्य हो, अध्यापक असाधारण छुट्टी के लिये लिखित आवेदन पत्र देता है।

(2) असाधारण छुट्टी हमेशा वेतन और भत्ते के बिना होगी। निम्न हालतों को छोड़कर असाधारण छुट्टी वेतन-तरक्की के लिये नहीं गिनी जायेगी।

(क) मैडिकल सर्टिफिकेट के आधार पर ली गई छुट्टी

(ख) उन हालतों में जहाँ कुलपति की सन्तुष्टि हो जाये कि यह छुट्टी अध्यापक के वश में न रही बातों के कारण ली गई थी, जैसाकि नागरिक गड़बड़ी या प्राकृतिक विपत्ति के कारण काम पर हाजिर न हो सकने की अक्षमता, बशर्ते कि अध्यापक के पास किसी अन्य प्रकार की छुट्टी जमा न हो,

(ग) उच्च अध्ययन के लिये ली गई छुट्टी, और

(घ) अध्यापन पद या शिक्षा वृत्ति या शोध-व-अध्यापन पद या महत्वपूर्ण तकनीकी या

शैक्षिक काम के दत्तकार्य के लिये निमंत्रण स्वीकार करने के वास्ते दी गई छुट्टी।

(3) असाधारण छुट्टी को आकस्मिक छुट्टी और विशेष आकस्मिक छुट्टी को छोड़कर अन्य किसी भी छुट्टी के साथ जोड़ा जा सकता है, बशर्ते कि छुट्टी पर होने के समय काम से लगातार गैर हाजिरी की कुल अवधि (दीर्घावकाश की अवधियों के समेत, जब इस दीर्घावकाश को छुट्टी के साथ जोड़ कर लिया जाता है) तीन साल से अधिक नहीं होगी, केवल उन हालतों को छोड़कर जहाँ छुट्टी मैडिकल सर्टिफिकेट के आधार पर ली जाती है। काम से गैर हाजिरी की कुल अवधि कुल मिला कर पाँच साल से अधिक नहीं होगी।

(4) छुट्टी मंजूर करने के लिये अधिकृत प्राधिकारी बिना छुट्टी गैर-हाजिरी की अवधियों को पूर्व तिथि से असाधारण छुट्टी में परिवर्तित कर सकता है।

(ज) अदेय छुट्टी

(1) अदेय छुट्टी एक स्थायी अध्यापक की कुलपति की इच्छानुसार सारी सेवा अवधि में 360 दिन तक दी जा सकती है, जिसमें एक बार में 90 दिन से अधिक और कुल 180 दिन की छुट्टी अन्यथा मैडिकल सर्टिफिकेट के आधार पर दी जा सकती है। यह छुट्टी उस द्वारा बाद में अर्जित अर्धवेतन छुट्टी के खाते में डाली जायेगी।

(2) "अदेय छुट्टी" उतनी देर तक मंजूर नहीं की जायेगी जितनी देर तक कुलपति की सन्तुष्टि न हो जाये कि संभवतः अध्यापक छुट्टी समाप्त होने पर काम पर वापस आ जायेगा और मंजूर की गई छुट्टी को अर्जित कर लेगा।

(3) जिस अध्यापक को "अदेय छुट्टी" दी जाती है, उसको सेवा से त्यागपत्र देने की तब तक अनुमति नहीं दी जायेगी जब तक वह सक्रिय सेवा से छुट्टी का यह बकाया ऋण खत्म नहीं कर देता, या इस अनार्जित काल के लिये उसको दिये गये वेतन और भत्ते की राशि वापस नहीं कर देता। उस सूरत में जहाँ अध्यापक को अस्वास्थ्य से आगामी सेवा के लिये नकारा बना दिया हो जिसके फलस्वरूप सेवा निवृत्ति अनिवार्य हो गई हो, सिण्डीकेट अभी अर्जित की जाने वाली छुट्टी अवधि के लिये छुट्टी वेतन की वापसी को माफ कर सकती है। बशर्ते कि सिण्डीकेट, किसी अन्य अपवादात्मक हालत में, अभिलिखित कारणों से, अभी अर्जित की जाने वाली छुट्टी अवधि के लिये छुट्टी के वेतन की वापसी की माँग कर सकती है।

(झ) अध्ययन छुट्टी

(1) अध्ययन छुट्टी उस स्थायी पूर्णकालिक अध्यापक (यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर को छोड़कर) को दी जा सकती है जिस की लगातार सेवा दो साल से कम न हो। यह छुट्टी अध्यापक को यूनिवर्सिटी में सीधे तौर पर अपने काम से सम्बन्धित विशेष अध्ययन या शोध के लिये या यूनिवर्सिटी प्रबन्ध के विभिन्न पक्षों या शिक्षा-विधियों का विशेष अध्ययन करने के लिये अपनी पूर्ण कार्य-योजना प्रस्तुत करने के उपरान्त दी जा सकती है।

(2) अध्ययन छुट्टी सलाहकार समिति की सिफारिश पर दी जायेगी, पर यह छुट्टी दो साल से अधिक समय के लिये नहीं दी जायेगी केवल उन अति अपवादात्मक हालतों को छोड़कर जहाँ सिण्डीकेट सन्तुष्ट हो जाती है कि यह अवधि विस्तार शैक्षिक आधारों पर अनिवार्य और यूनिवर्सिटी के हित में आवश्यक है।

अध्ययन छुट्टी की अवधि किसी भी हालत में तीन साल से अधिक बढ़ नहीं सकेगी।

(3) अध्ययन छुट्टी उस अध्यापक को नहीं दी जायेगी जिसकी सेवा-निवृत्ति उस तिथि से तीन साल के अन्दर हो जिस तिथि को उसने अध्ययन छुट्टी की समाप्ति उपरान्त काम पर हाजिर होना था।

(4) अध्ययन छुट्टी एक बार से अधिक भी दी जा सकती है, बशर्ते कि उस अध्यापक को पहली अध्ययन छुट्टी की अवधि की समाप्ति के बाद काम पर हाजिर हुए कम से कम पाँच साल से कम समय न हो गया हो। आगामी अध्ययन छुट्टी की अवधि के लिए, अध्यापक को पहली छुट्टी की अवधि में किए काम को दिखाना पड़ेगा और प्रस्तावित अध्ययन छुट्टी की अवधि में किए जाने वाले काम का ब्यौरा देना पड़ेगा ।

(5) किसी भी अध्यापक को, जिसको अध्ययन छुट्टी दी गयी है, सिण्डीकेट की अनुमति के बिना अपने अध्ययन-क्रम और शोध के कार्यक्रम को तत्वतः बदलने की आज्ञा नहीं होगी। जब मंजूर की गयी अध्ययन छुट्टी अध्ययनक्रम से कम पड़ती दिखायी दे, तो अध्यापक अध्ययनक्रम खत्म होने पर काम पर हाजिर होगा, पर इसके लिए न्यूनता की अवधि को असाधारण छुट्टी मानने के लिए सिण्डीकेट की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करनी आवश्यक है ।

(6) जिन अध्यापकों को अध्ययन छुट्टी दी गयी है, वह अध्ययन छुट्टी की अवधि में अपना उतना कुल वेतन लेना जारी रखेंगे जितना यूनिवर्सिटी अनुदान आयोग के फैकल्टी इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम के अधीन शिक्षा-वृत्ति प्राप्त अध्यापकों को मिलता है, पर वह 250 रुपए प्रति महीना के जीवनयापन व्यय भत्ते के अधिकृत

नहीं होंगे। आवश्यक वेतन— रकमें भी देय होने पर मंजूर की जाएगी। पर अध्ययन छुट्टी प्राप्त अध्यापकों को दी जाने वाली वेतन राशि नीचे दी गई उपधारा ( ) और (i) में की गयी व्यवस्था के अनुसार घटा दी जाएगी ।

(7) अध्ययन छुट्टी प्राप्त अध्यापक को जो छात्रवृत्ति/शिक्षावृत्ति या कोई अन्य वित्तीय सहायता की व्यवस्था की गयी है, इसका अर्थ यह नहीं होगा कि उसकी अध्ययन छुट्टी वेतन और भत्ते के बिना मंजूर की गयी है। पर प्राप्त छात्रवृत्ति उस वेतन और भत्ते का निर्धारण करते समय हिसाब में लाई जाएगी जिस वेतन पर अध्ययन छुट्टी दी जा सकती है। जब कोई अध्यापक वित्तीय सहायता प्राप्त करता है, उसके वेतन और भत्ते की स्वीकार्यता का निर्धारण करते समय निम्नलिखित निर्देशक सिद्धांत लागू किए जा सकते हैं :—

(क) 10,000 या अधिक डालर प्रति वर्ष — बिना वेतन छुट्टी दी जाएगी।

(ख) 5000 या अधिक और 10000 से— अर्द्धवेतन पर छुट्टी, और कम डालर प्रति वर्ष।

(ग) 5000 डालरों से कम प्रतिवर्ष— पूर्ण वेतन पर छुट्टी ।

